# एमपी ट्रांसको ने 220 केवी सिस्टम पर किया लाइव लाइन मेंटेनेंस

## बिना शटडाउन के रीवा शहर एवं विंध्य क्षेत्र में किया गया मेंटीनेंस, निर्बाध बिजली आपूर्ति



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 25 फरवरी, रम्स में उत्पादित होने वाले सोलर एनर्जी की निकासी के साथ संभागीय मुख्यालय रीवा एवं अन्य क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने रीवा स्थित 220 केवी सबस्टेशन सिल्परा में चालू 2 लाख 20 हजार वोल्ट सिस्टम पर बेयर हैंड तकनीक से सफलतापूर्वक लाइव लाइन मेंटेनेंस कर एक उल्लेखनीय कार्य किया है.**

यह कार्य 220 केवी मेन बस पर 220 केवी सिरमौर बे के बस आइसोलेटर में उत्पन्न हॉट प्वाइंट को दूर करने हेतु हॉट लाइन मेंटेनेंस के माध्यम से किया गया. इसके लिए ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की जबलपुर एवं कटनी की विशेषज्ञ टीम ने बेयर हैंड तकनीक का उपयोग करते हुए पूरी सावधानी एवं सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए पूरी दक्षता के साथ जोखिम भरा सुधार कार्य पूर्ण किया. रीवा में इस महत्वपूर्ण लाइव लाइन मेंटेंनेंस को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस चौहान, अभय सक्सेना, कनिष्ठ अभियंता राजू चौहान के मार्गदर्शन में बेयर हैंड तकनीक के माध्यम से हॉट लाइन मेंटेंनेंस में दक्ष टीम ज्ञानेश्वर, कमलेश मरावी, होल्कर सिंह एवं जगदीश ठाकुर का योगदान रहा. एमपी ट्रांसको की इस तकनीकी दक्षता और त्वरित निर्णय से रीवा क्षेत्र में सोलर एनर्जी उत्पादन, निकासी एवं क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध बनी रही और विद्युत उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो.

**विद्युत व्यवधान टालने किया लाइव लाइन मेंटेनेंस** -एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता एम पी पटेल ने बताया कि सामान्यत: इस प्रकार के मेंटेनेंस कार्य के लिए पूरे सब स्टेशन का शटडाउन लेना आवश्यक होता, लेकिन शटडाउन लेने से रम्स में उत्पादित होने वाले सोलर एनर्जी की निकासी में रूकावट के साथ संभागीय मुख्यालय रीवा शहर, रामुपर बघेलान, व्यौहारी, रामपुर नैकिन, रेलवे ट्रैक्शन, जे पी सीमेंट में बिजली आपूर्ति घंटो प्रभावित रहती. सोलर एनर्जी की निकासी में किसी प्रकार के व्यवधान को रोकने एवं विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के उद्देश्य से ट्रांसको प्रबंधन ने लाइव लाइन मेंटेनेंस कराने का निर्णय लिया.

# रीवा में गुटखा की अवैध कालाबाजारी प्रिंट रेट से अधिक में बिक्री




**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 25 फरवरी, जिले में इन दिनों पान मसाला और गुटखा की कालाबाजारी का खेल खुलेआम चल रहा है लेकिन जिला प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है. सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार, व्यापारियों ने पुराने प्रिंट रेट वाले माल पर अवैध रूप से भारी मुनाफे का खेल शुरू कर दिया है.**

बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाले 'राजश्री' जैसे ब्रांड्स के प्रति बंडल पर व्यापारियों ने लगभग 100-150 की बढ़ोतरी कर दी है. आलम यह है कि फुटकर विक्रेता भी अब मजबूरी का फायदा उठाते हुए प्रति पाउच 50 से ?60 तक वसूल रहे हैं. यह पूरी वसूली उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डालने जैसी है. रीवा एवं गुढ़ के थोक व्यापारी गोदामों में डंप पुराने स्टॉक को नई और बढ़ी हुई कीमतों पर बेच रहे हैं. इस 'करोड़ों के खेल' के जरिए जहां एक ओर आम जनता को लूटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर टैक्स चोरी कर सरकार को भी लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है. हैरानी की बात यह है कि यह सारा खेल शासन-प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है. सवाल यह उठता है कि क्या संबंधित विभाग और खाद्य औषधि प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है? या फिर जानबूझकर इन माफियाओं को खुली छूट दी गई है? रीवा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल इन कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी करनी चाहिए. यदि समय रहते इन 'लुटेरों' पर नकेल नहीं कसी गई, तो जनता का सिस्टम पर से भरोसा उठ जाएगा. प्रशासन को चाहिए कि वह कठोर से कठोर कार्रवाई कर कालाबाजारी बंद कराए.



# मुख्यमंत्री से त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुलाकात कर त्योंथर विकास पर की चर्चा

**नवभारत न्यूज**
**त्योंथर, 25 फरवरी, भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की. इस उच्च स्तरीय बैठक में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र और विंध्य अंचल के चहुंमुखी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण एवं बुनियादी मुद्दों पर विस्तार से विमर्श किया गया.**

विधायक श्री तिवारी ने चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रभावी संवाद और जन-कल्याणकारी नीतियों के कारण मध्यप्रदेश आज प्रगति के नए सोपान तय कर रहा है. मुलाकात में विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र की आगामी विकास परियोजनाओं और त्योंथर की स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने इस भेंट को क्षेत्र के भविष्य के लिए अत्यंत फलदायी बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया.

# नगर परिषद के भ्रष्टाचार को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 25 फरवरी, नगर परिषद गुढ़ मे भ्रष्टाचार चरम पर है. जिसमें 24 फरवरी को नगर परिषद गुढ़ के पार्षदो के द्वारा धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद गुढ़ अध्यक्ष, सी.एम.ओ और इंजीनियर के मिली भगत से बिना प्रस्तावां के करोड़ो रू. का भुगतान कर भ्रष्ट्राचार किया है साथ ही साथ वार्ड क्र. 06 में कोई भी निर्माण स्वीकृति होने के बाद भी नही कराया गया इतना ही नही नगर परिषद गुढ़ विकास कार्य पूर्ण तरह से ढप्प हो गया है.

इतना ही नहीं निकाय में फर्जी नियुक्तियॉ की गई है इस संबधं मे पूर्व में भी धरना प्रदर्शन कर शासन व प्रशासन का ध्यान हो रहे भष्ट्राचार की ओर दिलाय है. नगर परिषद गुढ़ के नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि अति शीघ्र नगर परिषद गुढ़ में भी विकास कार्य अवरूद्ध करने व व्यापक पैमाने पर भ्रष्ट्राचार होने की जॉच शीघ्र कराई जाए अन्यथा नगर परिषद गुढ़ के सामने मार्च माह में आमरण अनशन किया जाएगा. कार्यवाही की मांग की गई है.



# पीटीएस में महिला अधिकारियों के लिए लगाया गया शिविर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 25 फरवरी, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में समस्त महिला अधिकारियों के लिए मैंस्ट्रूअल हेल्थ एंड हाइजीन मैनेजमेंट अवेयरनेस कैंप का सफल आयोजन किया गया.**

इस कैंप में देसाई फाउंडेशन, गुजरात की तरफ से अवंतिका ने व्याख्यान दिया. जिसमें मेंस्ट्रूअल हेल्थ एंड हाइजीन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. मेंस्ट्रूअल हेल्थ एंड हाइजीन न केवल संक्रमणों और स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव करती है, बल्कि महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ाती है और उन्हें तनाव मुक्त रखती है. स्वच्छ पैड का उपयोग और उचित निपटान से दुर्गंध, जलन व अन्य जटिलताओं से मुक्ति मिलती है, जो विशेष रूप से ड्यूटी के दौरान उपयोगी सिद्ध होता है. देसाई फाउंडेशन द्वारा मध्य प्रदेश के सभी पुलिस ट्रेनिंग संस्थानों में नि:शुल्क प्रदान की गई पैड वेंडिंग मशीन एवं इनसरशन मशीन के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया. इससे महिला अधिकारी कार्यालय समय में स्वयं ही स्वच्छ पैड प्राप्त कर सकेंगी तथा प्रयुक्त पैड का सुरक्षित निपटान कर सकेंगी. कार्यशाला में प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक निरीक्षक अंजू कुर्मी सहित सभी महिला अधिकारी उपस्थित रहीं. सभी ने देसाई फाउंडेशन की इस सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की. उल्लेखनीय है कि पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने जनवरी 2026 में महिला अधिकारियों की सुविधा हेतु फीमेल कॉमन रूम का निर्माण कराया है, जहां वे कार्यकाल के दौरान अपने छोटे बच्चों को भी साथ रख सकेंगी. यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है.

# नगर परिषद अध्यक्ष को बर्खास्त करने नेता प्रतिपक्ष ने लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 25 फरवरी, नगर परिषद गुढ़ जिला रीवा की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 54 के खुले आम धज्जिया उड़ाई है.**

जबकि इस धारा के अन्तगर्त नगर पालिका अधिनियम में इस बात का उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद के काम काज में संचालन करने हेतु परिषद का सम्मिलन (बैठक) दो माह में कम से कम एक बार किया जाना अति आवश्यक है लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा खुले आम अधिनियम का उल्लघन किया है. क्योकि नगर परिषद में परिषद कि अंतिम बैठक 22.10.2025 को अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई थी. इसके बाद कोई भी परिषद कि बैठक 4-5 माह से परिषद की बैठक आहुति नहीं की गई. निकाय का सम्पूर्ण विकास संबधीं कार्य अवरूद्ध है. अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 54 का घोर उल्लघन किया गया है. इस संबधं में नगर परिषद गुढ़ पार्षद व नेता प्रतिपक्ष मुमताज खान आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर परिषद गुढ़ की अध्यक्ष अर्चना सिंह ने नगर पालिका अधिनियम का खुले आम उल्लघन किया है. नियम यह है कि परिषद का सम्मिलन दो माह में कम से कम एक बार आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए. अध्यक्ष को बर्खास्त करने प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन, कलेक्टर, संयुक्त संचालय, नगरीय प्रशासन को पत्र लिखा है.

# चार माह से नगर परिषद चाकघाट के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है वेतन




**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 25 फरवरी, मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित नगर चाकघाट जिसे प्रदेश के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की बात मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी करते हैं उसी नगर चाकघाट में स्थापित नगर परिषद के कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है.**

सूत्रों की माने तो इस नगर परिषद में कार्यरत स्थाई एवं अस्थाई दर्जनों कर्मचारियों को 4 माह से वेतन तो नहीं मिला है उसके साथ ही अनेक कर्मचारी के वेतन से कटौती की जाने वाली एनपीएस एवं आईपीओ की राशि जो शासन के खाते में भेजी जानी चाहिए वह राशि भी नहीं भेजी गई है. बताया जा रहा है कि नगर परिषद चाकघाट प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते कंगाली के दौर से गुजरने की स्थिति में आ गई है. कर्मचारियों का वेतन न मिल पाने के कारण जहां एक और कर्मचारियों का काम करने के लिए उत्साह नहीं बन पा रहा है वही होली जैसे त्योहार पर वेतन की अभाव में उनके घरों में उदासी छाई दिखाई दे रही है. नगर परिषद चाकघाट में कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के कारण नागरिकों को भी इस बात का दुख है कि नागरिकों की मूलभूत सेवा के लिए तत्पर नगर परिषद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है.

मध्य प्रदेश शासन एवं संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है नगर परिषद चाकघाट में पदस्थ कर्मचारियों का समय पर वेतन उपलब्ध कराया जाए साथ उनके भविष्य निधि के लिए दो वर्षों से की जा रही कटौती की राशि को संबंधित खाते में क्यों नहीं जमा कराया जा रहा है इसकी भी जांच करके जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए.

# पीएम रिपोर्ट की जानकारी नहीं देने पर बीएमओ को नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**सतना/मैहर 25 फरवरी 2026/कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास की योजनाओं और कार्यक्रमों सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।**

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य उपचार सेवाओं के संचालन की स्थिति में सुधार लायें। मेडले अपार पोर्टल पर एमएलसी और पीएम रिपोर्ट नहीं भेजने पर बीएमओ सहित 7 मेडीकल ऑफीसरों को नोटिस जारी करने, सिकल सेल एनीमिया और आंगनवाडी केन्द्रों में बच्चों की स्क्रीनिंग नहीं होने पर आरबीएसके की जिला प्रभारी का 15 दिवस का वेतन काटने नोटिस और जीतनगर आंगनवाडी केन्द्र में संचालन और नास्ता नहीं बंटने की जानकारी पर सुपरवाइजर के एक सप्ताह के वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, जिला टीकाकरण अधिकारी सुचित्रा अग्रवाल, डीपीएम राकेश कर्ष सहित बीएमओ, बीपीएम तथा सीडीपीओ, सुपरवाइजर भी




उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर कान्फ्रेंस के बिन्दुओं में मेडले अपार पोर्टल पर एमएलसी रिपोर्ट और पोस्ट मार्टम भेजने में जिले की स्थिति शून्य पाई गई है। सीएच अमरपाटन ने 22 प्रतिशत और सीएचसी रामनगर ने 50 प्रतिशत रिपोर्ट भेजी है। कलेक्टर ने पोर्टल पर रिपोर्ट नहीं भेजने पर अमरपाटन, रामनगर, मैहर के बीएमओ सहित मझगवां, बदेरा, ताला, मुकुन्दपुर के मेडीकल ऑफीसरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दो दिनों के भीतर पेडेसी समाप्त करें नही तो एक माह की वेतन काटी जायेगी। सिकल सेल एनीमिया के लिए धरती आबा ग्राम अभियान के गांवों में स्क्रीनिंग नहीं करने और जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को रिपोर्ट की जानकारी नहीं देने पर आरबीएसके प्रभारी मीना द्विवेदी की 15 दिवस की वेतन काटने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत में निक्षय मित्र बनाने की पहल नहीं करने और बैठक में अनुपस्थित रहने पर टीबी की जिला प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। अमरपाटन बीएमओ डॉ. सतनामी को धरती आबा के ग्रामों में आयुष्मान कार्ड नहीं बनाये जाने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरूस्त नहीं रखने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुचित्रा अग्रवाल ने बताया कि मैहर जिले के तीनों ब्लाक के बच्चों का शत-प्रतिशत सम्पूर्ण टीकाकरण किया गया है। बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14-15 वर्ष उम्र की किशोर बालिकाओं को टीका लगाने का कार्यक्रम शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर 28 को

## होंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 25 फरवरी. अग्रवाल समाज सतना द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के संयुक्त तत्वावधान मे 28 फरवरी शनिवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर अमृत वाटिका सतना आयोजित हैं।**

प्रतिमाह होने वाला नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजक एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। नेत्र शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच कर नजर के चश्मे के नंबर का निर्धारण किया जाएगा एवं दवाइयां प्रदान की जाएंगी. आयोजक मंडल के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि यह नेत्र शिविर पिछले 18 वर्षों से प्रतिमाह जारी है। शिविर में जो मरीज मोतियाबिंद से पीड़ति होंगे उन्हें निऱ्शुल्क ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु भर्ती कर श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट पहुंचाया जाएगा जहा उन्हें भर्ती के दौरान भोजन, बिस्तर एवं दवाइयों की सुविधा भी प्राप्त होगी.

# विंध्य में पाई जाने वाली दुर्लभ औषधीय वनस्पति के संरक्षण संवर्धन का लिया गया संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 25 फरवरी, सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा द्वारा आयोजित विंध्य में पायी जाने वाली दुर्लभ व संकटापन्न औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण संवर्धन तथा उनके शोध व प्रयोगों को लेकर विंध्य के जानकार वैद्यों व परम्परागत चिकित्सकों तथा जड़ी बूटियों के जानकारों ने जानकारी दी.**

कार्यशाला सामाजिक वानिकी कार्यालय के सभागार में मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार राय के मुख्य आतिथ्य तथा वनसंरक्षक लोकेश नीरापुरे की अध्यक्षता एवं सहायक वन संरक्षक कैलाश चंद्र जोशी के कुशल मार्गदर्शन तथा योगाचार्य अजय चौधरी के कुशल संचालकत्व में आयोजित की गई. जिसमें उपस्थित जानकारों ने अपने अपने ज्ञान को साझा करते हुए समाज व राष्ट्र के हित में उपयोगी विलुप्त हो रहे औषधीय गुणों से भरपूर वनस्पतियों के संरक्षण संवर्धन व संग्रज्ञण का संकल्प लिया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के पुत्र वैद्य सम्पत दास ने स्वयं द्वारा किए गए अपामार्ग, विल्व, मकोय, सोमवल्ली आदि पर अपने शोध व प्रयोगों के साथ ही वेदों में उल्लिखित श्लोकों के उदाहरण के साथ जहां अकेले अपामार्ग को प्रसव कराने वाली सर्प व बिच्छू दंस से मुक्ति दिलाने संतान कारक, पुत्री से पुत्र योग ,योनि की गांठों को दूर कर गर्भधारण योग्य बनाने वाली, रक्तस्राव को तत्काल रोकने वाली तथा हृदय रोगों सहित 100 रोगों पर रामबाण इंजेक्शन की भांति कारगर प्रयोग को जहां बताया वही , सरई (साल) के वृक्षों भीलावा, ममीरा लक्ष्मणा तथा उसके सब्सीट्यूट श्वेत भटभांड कांचनार आदि अनेकानेक औषधीय गुणों से भरपूर संकटापन्न व दुर्लभ जड़ी बूटियों तथा वृक्षों व वनस्पतियों के प्राप्तिस्थल एवं उनके संरक्षण संवर्धन व संग्रहण आदि पर भी विस्तृत व्याख्यान दिए. सिरमौर के गड़हरा से पधारे वनस्पतियों के जानकार सुग्रीव प्रसाद यादव ने सुग्रीव यादव ने सिंघिया को जलोदार रोगों में, जमालगोटा को गैस में तथा वन अंगूरी एवं हरसिंगार जैसे पौधों के औषधीय गुण बताएं, अमरकंटक से पधारे वैद्य गंगाधर ने बयचांदी कंद, जटाशंकरी अगस्त काली हल्दी आदि के प्रयोग पर अपनी बात रखते हुए उनके संरक्षण संवर्धन की बात कही.

गोविंदगढ़ से पधारे नेपाल सिंह ने कल्पवृक्ष तथा शल्यकर्णी, दाहिमन खुरासानी इमलीआदि वृक्षों की उपयोगिता व उनके संरक्षण संवर्धन की बात कही. शंकर लाल कुशवाहा ने ईश्वरमूल का प्रयोग लकवा के इलाज पर बताते हुए उसके भी संरक्षण संवर्धन की बात कही. अनूप कुमार कुशवाहा मैहर ने अंकोल एवं केवाच की जड़ पर अपने विचार रखें. अरुण श्रीवास्तव ने श्वेत मदर मंजिष्ठा कुचला आदि के प्रयोग के विषय में बताया हनुमान प्रसाद सेन ने भी अपनी बात राखी.

